साहित्य अकादेमी

स्वच्छता पखवाड़ा (16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2018)

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

18 अप्रैल 2018

साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आज रवींद्र भवन में साहित्य अकादेमी सभाकक्ष में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अकादेमी के कर्मचारियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का संचालन श्री देवेंद्र कुमार देवेश, विशेष कार्याधिकारी ने किया। उन्होंने कर्मचारियों से स्वच्छता संबंधी विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे। कर्मचारियों ने प्रश्नों के उत्तर बड़ी ही सहजता से दिए। सर्वाधिक अंक के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों की घोषणा की गई।

प्रतियोगिता के अंत में श्री देवेंद्र कुमार देवेश ने सभाकक्ष में उपस्थित अन्य कर्मचारियों से भी स्वच्छता संबंधी मुद्दों को लेकर विचार-विमर्श किया।